# विक्टोरिया की एंटी-रेसिज़्म (नस्लवाद-विरोधी) कार्यनीति 2024-2029

**अवलोकन**

**विक्टोरिया की पहली संपूर्ण-सरकारी एंटी-रेसिज़्म कार्यनीति विक्टोरिया में रेसिज़्म और भेदभाव की रोकथाम के लिए 5-वर्षीय एक योजना है।**

**हम साथ-मिलकर काम करके एक अधिक निष्पक्ष, अधिक सुरक्षित विक्टोरिया का निर्माण कर सकते हैं, जहाँ हर कोई यह महसूस करता है कि उन्हें शामिल किया जाता है।**

## रेसिज़्म (नस्लवाद) क्या होता है?

रेसिज़्म भेदभाव का एक प्रकार है, जहाँ लोगों के साथ उनकी जाति या उनके मूल के कारण अनुचित व्यवहार किया जाता है। इसमें ज़बानी रूप से दुर्व्यवहार किया जाना, बहिष्कार किया जाना या दूसरों के समान पहुँच या अवसर न दिया जाना शामिल हो सकता है।

रेसिज़्म कई रूपों में प्रकट हो सकता है। यह कार्यनीति निम्नलिखित में रेसिज़्म पर ध्यान देने पर केन्द्रित है:

- समुदाय में
- संगठनों और संस्थानों में
- कानूनों, नीतियों और प्रणालियों में।

## हमारा दृष्टिकोण

रेसिज़्म और भेदभाव से मुक्त विक्टोरिया, जहाँ सभी विक्टोरियावासी समान अधिकारों, स्वतंत्रताओं और संरक्षणों का आनन्द लेते हैं, और सुरक्षित, स्वस्थ और सहयोगी समुदायों में आगे बढ़ते हैं।

**विक्टोरिया में रेसिज़्म और भेदभाव को कम करने के लिए इस कार्यनीति के 4 लक्ष्य हैं:**

**लक्ष्य 1.**
**नस्लवादी (रेसिस्ट) दृष्टिकोणों, आचरणों और विचारधाराओं की पहचान की जाती है, इन्हें चुनौती दी जाती हैं और इन्हें अस्वीकार किया जाता है।**

**लक्ष्य 2.**
**सरकारी सेवाएँ और कार्यस्थल सुरक्षित, सुलभ और गैर-पक्षपाती हैं**

**लक्ष्य 3.**
**रेसिज़्म और भेदभावअब सभी क्षेत्रों में भागीदारी, प्रगति, सुरक्षा और सफलता में अवरोधक नहीं हैं**

**लक्ष्य 4.**
**रेसिज़्म का सामना करने वाले लोगों को उचित और सांस्कृतिक तौर पर सुरक्षित सेवाएँ और समर्थन प्राप्त होते हैं**

## दृष्टिकोण को पूरा करना

एंटी-रेसिज़्म कार्यनीति:

- **सामुदायिक खेलकूद** में रेसिज़्म पर ध्यान दिलाने के लिए एक राज्य-व्यापी अभियान प्रदान करेगी
- स्थानीय स्तर पर रेसिज़्म को चुनौती देने के लिए **समुदाय के नेतृत्व में कार्रवाई** का समर्थन करेगी
- घृणा फैलाने वाले भाषण और आचरण के विरुद्ध **संरक्षणों और कानूनों** को मजबूत करेगी
- शिकायतों का निपटान करने वाली संस्थाओं द्वारा रेसिज़्म की **सूचनाओं पर प्रतिक्रिया करने** के तरीके में सुधार करेगी
- पुलिस बल में **रेसिज़्म** और भेदभाव को कम करेगी
- **नियोक्ताओं और संगठनों** द्वारा रेसिज़्म की रोकथाम करने और इसपर प्रतिक्रिया करने के तरीके में सुधार करेगी
- रेसिज़्म का अनुभव करने वाले लोगों के लिए **स्थानीय एंटी-रेसिज़्म सहायता नेटवर्कों (संपर्क समूहों)** को मजबूत करेगी।

हम रेसिज़्म को कम करने के प्रति कार्यनीति के प्रभाव को मापेंगे और हमारी प्रगति की सूचना वापस समुदाय को देंगे।

VICTORIA State Government

# हमें इस कार्यनीति की आवश्यकता क्यों है

विक्टोरियावासी 300 से भी अधिक

**विभिन्न वंशों से आते हैं,**

**290 भाषाएँ और बोलियाँ बोलते हैं, और**

लगभग
**200 विभिन्न धर्मों का पालन करते हैं**

2022 में, **5 में से 3 प्रथम राष्ट्र के लोगों (60%)** ने **ऑस्ट्रेलिया में रेसिज़्म का अनुभव होने** की सूचना दी



2023 में, **5 में से 1 व्यक्ति (18%)** ने **ऑस्ट्रेलिया में रेसिज़्म का अनुभव होने** की सूचना दी




**5 में से 3 ऑस्ट्रेलिवासियों (63%)** का एशिया, अफ्रीका या मिडल-ईस्ट या गैर-ईसाई धर्म से सम्बन्धित **एक या एक से अधिक प्रवासी समूहों के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण** है



**5 में से 3 ऑस्ट्रेलियावासी (62%)** रेसिज़्म को एक **'बहुत बड़ी' या 'काफी हद तक बड़ी' समस्या के रूप** में देखते हैं





**30% विक्टोरियावासियों का जन्म विदेश में हुआ था**



**ऑस्ट्रेलिया के 8% प्रथम राष्ट्रों के लोग विक्टोरिया में रहते हैं**

**सूचना की कमी और सेवाओं में समुदाय के भरोसे के अभाव का अर्थ यह हो सकता है कि रेसिज़्म की सूचना कम दी जाती है।**



## हमने किससे बात की

हमने **प्रथम राष्ट्र से सम्बन्धित लोगों, बहुसांस्कृतिक और अलग-अलग आस्थाओं से जुड़े 670 विक्टोरियावासियों** से उनके विचार सुने। इनमें सामुदायिक अग्रणी, विशेषज्ञ और फ्रंटलाइन कर्मचारी शामिल हैं।

## विक्टोरिया में रेसिज़्म की सूचना देना



किसी को भी रेसिज़्म सहन नहीं करना चाहिए।यदि आपको विक्टोरिया में रेसिज़्म का अनुभव होता है या आपको यह होते हुए दिखाई देता है, तो आप इसकी सूचना दे सकते/ती हैं।

### विक्टोरियाई समानावसर एवं मानवाधिकार आयोग

सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच 1300 292 153 पर कॉल करें। यदि आपको नि:शुल्क दुभाषिए की आवश्यकता है, तो 1300 152 494 पर कॉल करें।

ई-मेल **enquiries@veohrc.vic.gov.au**

**ऑनलाइन रूप से अनौपचारिक सूचना दें** <https://www.humanrights.vic.gov.au/get-help/community-reporting-tool/>.

**नेशनल रिले सेवा से संपर्क करें** <https://www.humanrights.vic.gov.au/get-help/contact-us/>.

### विक्टोरिया पुलिस

आपातकालीन स्थितियों, वर्तमान में घटित हो रहे किसी अपराध की सूचना देने, या तात्कालिक पुलिस उपस्थिति के लिए ट्रिपल ज़ीरो (000) पर कॉल करें।

गैर-आपातकालीन स्थितियों के लिए, पुलिस सहायता सेवा को 131 444 पर कॉल करें या नि:शुल्क दुभाषिए के लिए 131 450 पर कॉल करें।

आप अपने स्थानीय पुलिस स्टेशन पर या फिर **ऑनलाइन** रूप से सूचना दे सकते/ती हैं <https://www.police.vic.gov.au/police-assistance-line-and-online-reporting>.

आप Crime Stoppers को 1800 333 000 पर या <www.crimestoppers.com.au> पर गुमनाम रूप से सूचना दे सकते/ती हैं।

**और अधिक सहायता और सूचना देने के विकल्पों के लिए**, कृपया **विक्टोरिया की एंटी-रेसिज़्म कार्यनीति** की वेबसाइट <https://vic.gov.au/victorias-anti-racism-strategy> देखें।

## और अधिक जानकारी

आप **ऑनलाइन** <https://vic.gov.au/victorias-anti-racism-strategy> पर संपूर्ण कार्यनीति को या अलग-अलग भाषाओं में अनुवाद किए गए इस सारांश को पढ़ सकते/ती हैं।
आप अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (TIS) को भी 131 450 पर कॉल कर सकते/ती हैं तथा और अधिक जानकारी के लिए प्रीमियर एवं कैबिनेट विभाग को 03 9651 5111 पर कॉल कर सकते/ती हैं, या **प्रीमियर एवं कैबिनेट विभाग** को <antiracism.strategy@dpc.vic.gov.au> पर ई-मेल भेज सकते/ती हैं।

विक्टोरिया सरकार, 1 Treasury Place, Melbourne द्वारा प्राधिकृत एवं प्रकाशित।
© विक्टोरिया राज्य, ऑस्ट्रेलिया, प्रीमियर एवं कैबिनेट विभाग, नवम्बर 2024.
ISBN 978-1-923294-17-2 (ऑनलाइन/PDF/Word) या (प्रिंट)
**विक्टोरिया की एंटी-रेसिज़्म कार्यनीति 2024-2029** <https://vic.gov.au/victorias-anti-racism-strategy> पर उपलब्ध
insert printing company name, suburb (insert design job number in brackets) द्वारा प्रिंट किया गया